Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **हनुमानगढ़ में जल संसाधन विभाग का वरिष्ठ सहायक 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *23 अक्टूबर, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सतपाल वरिष्ठ सहायक, सहायक अभियंता, सर्वे एवं अन्वेषण, इ.गा.न.प. चतुर्थ हनुमानगढ़ हाल प्रतिनियुक्ति कार्यालय सहायक अभियंता, घग्घर उपखंड जल संसाधन विभाग, हनुमानगढ़** को परिवादी से **15 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके खेत के रास्ते की खाला पर बनी पुलिया सिंचाई विभाग द्वारा स्वीकृत करवाने की एवज में आरोपी सतपाल वरिष्ठ सहायक द्वारा **15 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी बीकानेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पवन कुमार मीणा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सतपाल वरिष्ठ सहायक को परिवादी से **15 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।